हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 4 नवंबर 2026

8 धर्म और संस्कारों को जीवन में बनाए रखना महत्वपूर्ण : प्रेमानंद महाराज



10 ओलावृष्टि और नहरबंदी के विरोध में मिनी सचिवालय का घेराव...



धनतेरस व दिवाली पर सेहत का खजाना इकट्ठा करें

अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

आपकी सेहत का हमसफ़र

बीमारियों और उनकी दवाइयों के साइड इफेक्ट्स से बचें

अथर्व आयुर्वेद ही क्यों?

- क्वालीफाइड MD/MS डॉक्टर्स
- ट्रेंड, एक्सपीरियंसड थैरेपिस्ट
- प्योर आयुर्वेदिक
- मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर
- हमारे हजारों ठीक हुए रोगियों का विश्वास

इनके बिना इधर-उधर समय, पैसा, सेहत से खिलवाड़ न करें।

ECHS- फौजी भाईयों के पैनल पर
हरियाणा का सबसे बड़ा आयुर्वेदिक हस्पताल




CGHS, F.C.I. हरियाणा सरकार

Bajaj Allianz · Chola MS General Insurance · HDFC ERGO · ICICI Lombard · IFFCO-TOKIO · navi insurance · Reliance General Insurance · TATA AIG · Aditya Birla Group · care Health Insurance · niva Bupa · Star Health Insurance · New India Assurance · Oriental Insurance · acko

GIC आदि प्राइवेट टी पी ए पैनल्स


दर्द का इलाज पेन किलर नहीं



आयुर्वेद पंचकर्म है

जोड़ों का दर्द, घिसावट, ग्रीस खत्म - कमर दर्द
* डिस्क, सरवाईकल, शियाटिका, गठिया
* लकवा, नसों की कमजोरी/फूलना, AVN, DVT
* स्पोर्ट्स इंजरी - मेनिस्कस/लिगामेन्ट टियर आदि

माइग्रेन एसिडिटी



* माइग्रेन-सिरदर्द - बी.पी., शुगर, थायराइड
* एसिडिटी, कब्ज, IBS, पेट-लिवर रोग
* सोरायसिस, एलर्जी, एगजीमा आदि, चमड़ी रोग
* बच्चों/बड़ों की खांसी/दमा आदि छाती रोग
* नजला, एलर्जी, साईनुसाईटिस आदि

स्त्री प्रसूति



* बार-बार एबॉर्शन
* गर्भ न ठहरना
* ट्यूब ब्लॉक,
* रसौली * फाईब्राइड, छाती में गांठ,
* माहवारी समस्या, PCOD/PCOS आदि

हर शुक्रवार फ्री चैकअप कैम्प

गुदा रोग



* गुदा में दर्द, गांठ
* खून-मवाद आना
* मस्सा बाहर आना
* बवासीर, भगन्दर, फिशर
* पाईलो नीडल साईनस आदि

आयुर्वेद-क्षार सूत्र से इलाज ताकि दोबारा न हो

हर शनिवार फ्री चैकअप कैम्प

अथर्व में Inguinal/ Umbellical Hernia,Hydrocele,Vacitectomy, Orchitectomy, Appendix,Gall bladder आदि के ऑपरेशन भी किये जाते हैं

ATHARV AYURVED

सोनीपत रोड, छोटूराम स्टेडियम के सामने, रोहतक (हरियाणा)
01262-257211, 8053928881, 8053508881

खबर संक्षेप

महिला पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 तक

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाएं होंगी सम्मानित

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान एवं उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के निदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी जिलों से योग्य बालिकाओं के नामों की अनुशंसा मांगी गई है। ऐसी बालिकाएं जिन्होंने सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरुकता फैलाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, पौधारोपण, स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों तथा मीडिया एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके नाम भेजे जा सकते हैं।

सालासर मंदिर में अन्नकूट प्रसाद वितरण 9 को

सिरसा। श्री सालासरधाम मंदिर सिरसा में अन्नकूट प्रसाद का वितरण 9 नवंबर को दोपहर बाद किया जाएगा। दोपहर 12 बजे बालाजी महाराज को प्रसाद का भोग लगाया जाएगा, इसके बाद अन्नकूट प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी जलराम शर्मा व जवाहरमल त्रिपाठी ने बताया कि 9 नवंबर को प्रतिपदा (एकम) तिथि दोपहर में 12.30 बजे लगने के कारण सोमवार 9 नवंबर को ही अन्नकूट प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि वृंदावन, नाथद्वारा व देश के अन्य बड़े मंदिरों में भी 9 नवंबर को ही अन्नकूट का पर्व मनाया जाएगा। श्री सालासरधाम मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ ने श्रद्धालुओं से 9 नवंबर को अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

कुश्ती प्रतियोगिता में दिशुन ने जीता कांस्य पदक

फतेहाबाद। मुख्त्यार सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज, बहबलपुर की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दिशुन ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिशुन ने सोनीपत में आयोजित प्रतिष्ठित हरियाणा केसरी कुमार दंगल में कांस्य पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान कड़े मुकाबलों का सामना करते हुए दिशुन ने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया और अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देकर यह पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से ग्रामीण अंचल की बेटियों में भी खेल के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

भजन 'पिला दे ऐ साकी राम नाम की मस्ती' पर झूमे श्रद्धालु

धर्म और संस्कारों को जीवन में बनाए रखना महत्वपूर्ण : प्रेमानंद महाराज




फतेहाबाद। कनाडा में प्रवचन करते स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज।

सत्संग के बाद लगाया लंगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कनाडा में रहकर अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़े रहना ही सच्ची कमाई है। पैसा कमाना बड़ी बात नहीं, बल्कि धन अर्जित करने के साथ धर्म और संस्कारों को जीवन में बनाए रखना अधिक महत्वपूर्ण है। यह संदेश श्री नंगली साहिब दरबार के संत स्वामी ध्यान प्रेमानंद महाराज ने ब्रिटिश कोलंबिया के लैंगले शहर में आयोजित विशाल सत्संग में श्रद्धालुओं को दिया। स्वामी जी के प्रवचनों को सुनने के लिए लैंगले के अलावा सर्रे, वैंकूवर, एबट्सफोर्ड और आसपास के क्षेत्रों से भारतीय मूल के श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे। श्री नंगली दरबार के संत स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सत्संग में धार्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ स्वामी जी का स्वागत किया। सत्संग के दौरान उन्होंने जीवन में आध्यात्मिकता, सेवा, सुमिरन और अच्छे संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में रहे, उसे अपनी जड़ों, मातृभाषा, हिंदू संस्कृति और सनातन परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए। स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज के सत्संग स्थल पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने 'बोलो जय सच्चिदानंद' और 'जय श्री नंगली दरबार की' के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। लैंगले मंदिर समिति और कनाडा में रह रहे श्री नंगली दरबार के श्रद्धालुओं ने स्वामी जी को फूल-मालाएं अर्पित कीं। इसके बाद सत्संग शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से प्रवचन सुने। प्रवचनों में स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि विदेश में रहने वाले लोगों के लिए अपनी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। बच्चों को केवल शिक्षा और करियर तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें माता-पिता का सम्मान करने, बुजुर्गों की सेवा करने और जरूरतमंदों की सहायता करने की सीख भी दें। उन्होंने कहा कि माता-पिता और बड़े-बुजुर्गों की सेवा, समाज सेवा तथा दरिद्र नारायण की सेवा जीवन के महत्वपूर्ण कर्तव्य हैं। बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार दिए जाएं और उन्हें सत्कर्मों के लिए प्रेरित किया जाए। इससे उनमें सही-गलत की समझ विकसित होगी।

रोजाना 10 मिनट सुमिरन से घर में बनेगा आध्यात्मिक वातावरण

स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने घर-परिवार में नियमित पाठ, पूजा, सेवा और सुमिरन की परंपरा विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि परिवार के सदस्य प्रतिदिन कुछ समय भगवान के स्मरण में लगाते हैं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा, अगर घर में रोज 10 मिनट भी सुमिरन होगा, तो आपका घर ही नंगली दरबार बन जाएगा। उनके अनुसार, जब बच्चे अपने घर में नियमित पूजा-पाठ, सेवा और सिमरन का वातावरण देखते हैं, तो उनके भीतर भी अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। ऐसे संस्कार उन्हें जीवन में सही रास्ता चुनने और सत्कर्मों से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विदेश में रह रहे श्रद्धालुओं से अपनी मातृभाषा और पारिवारिक परंपराओं को भी जीवित रखने का आह्वान किया। स्वामी जी ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली अपनाने के बावजूद अपनी सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए।

भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

स्वामी जी के प्रवचनों के दौरान सत्संग स्थल पर श्रद्धालु शांत होकर उनकी बातें सुनते रहे। आध्यात्मिक संदेशों और भक्ति भाव से कई श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को संस्कारों से जोड़ने तथा व्यस्त जीवन में आध्यात्मिक शांति के लिए समय निकालने का संदेश विशेष रूप से दिया गया। सत्संग के समापन पर स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज ने 'पिला दे ऐ साकी राम नाम की मस्ती' भजन गाया। भजन की धुन पर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमने लगे और सत्संग स्थल का माहौल भक्तिमय हो गया। इसके बाद श्री नंगली दरबार के श्रद्धालुओं की ओर से विशाल लंगर-भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सत्संग का समापन सेवा, भक्ति और सामूहिक सहभागिता के वातावरण में हुआ।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते एनक्वास की टीम।

सीपीआर पर सवाल पूछते ही उलझी नर्सिंग ऑफिसर

■ अस्पताल में एनक्वास टीम का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) के तहत नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता परखने के लिए जींद से आई विशेष टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने विभिन्न विभागों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ जरूरी रिकॉर्ड की भी बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान जब टीम ने आपातकालीन वार्ड में तैनात एक नर्सिंग ऑफिसर से सीपीआर की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी पूछी, तो वे सही उत्तर नहीं दे सकीं और उलझ गईं। टीम ने उनसे आपातकालीन स्थितियों और मरीजों की देखभाल से संबंधित कई तकनीकी सवाल किए। निरीक्षण के दौरान जींद से पहुंची टीम ने अस्पताल के आपातकालीन वार्ड, एक्सरे कक्ष, मेल व फीमेल जनरल वार्ड तथा ब्लड बैंक का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान भर्ती मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, विभागों की दैनिक कार्यप्रणाली, साफ-सफाई की व्यवस्था और जरूरी रिकॉर्ड की पड़ताल की गई। टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न चिकित्सीय प्रक्रियाओं को लेकर मौके पर ही सवाल-जवाब किए, ताकि कर्मचारियों की कार्यकुशलता और दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का सही आकलन किया जा सके।

12 करोड़ से सुधार कार्य

गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल एनक्वास के निर्धारित मानकों के तहत स्वयं के मूल्यांकन में 79 अंक हासिल करने का दावा कर चुका है। अब इस बाहरी टीम के निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर ही अस्पताल की व्यवस्थाओं और प्रशासनिक दावों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल अस्पताल में लगभग 12 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से मरम्मत और बुनियादी सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं। ऐसे में इस निरीक्षण को अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, बुनियादी सुविधाओं और स्टाफ की तैयारियों को परखने के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

दिवाली मेले की चकाचौंध पर मोहित हुए शहरवासी

पदमश्री स. गुरविंद्र सिंह ने श्रीमत सिटी सेंटर के प्रयास को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

श्रीमत सिटी सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय मेले की चकाचौंध पर शहरवासी मोहित हो चुके है। शॉपिंग स्ट्रीट में आने वाले लोग यहां की व्यवस्था से बेहद प्रभावित हुए है। संस्थान की ओर से यहां चार दर्जन से अधिक स्टॉल लगवाई गई हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रन जोन बनाया गया है। मनोरंजन के लिए म्यूजिक का लाइव शो आयोजित किया जा रहा है। दिवाली मेले के छठे दिन पद्मश्री अवार्डी गुरविंद्र सिंह ने सिटी सेंटर का दौरा किया और यहां की व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिरसा में ऐसा भव्य आयोजन आजतक नहीं देखा। जैन परिवार की ओर से जैसी व्यवस्था की गई है, वैसा पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जैन परिवार के प्रयासों से सिरसा भी महानगरीय शहरों के क्लब में शामिल हो गया है। दिवाली मेले का आनंद लेने के लिए भाई कन्हैया आश्रम के बच्चे भी शॉपिंग स्ट्रीट पहुंचे। उन्होंने यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और चिल्ड्रन जोन में खेलों का आनंद उठाया। श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से इन बच्चों की मेहमाननवाजी की गई। दरअसल, सिटी सेंटर में आयोजित इस दिवाली मेले में आयोजकों की ओर से एंट्री व पार्किंग फ्री रखी गई है। साथ ही सामान की प्रदर्शनी अथवा बिक्री के लिए स्टॉल भी निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया है। श्रीमत टेक्सवर्थ के डायरेक्टर संजीव जैन एडवोकेट ने दिवाली में आने वालों का आभार जताया।



सिरसा। पद्मश्री अवार्डी गुरविंद्र सिंह ने सिटी सेंटर का दौरा करते हुए।

प्रतियोगिताओं में एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने बाल भवन में एक सप्ताह तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार प्राप्त किए और विद्यालय का नाम रोशन किया। बाल भवन द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में संगीत, देशभक्ति गीत, एकल नृत्य, प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ (डिक्लेमेशन) तथा ड्रामेबाजी जैसी विभिन्न श्रेणियाँ शामिल थीं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय दिया। संगीत प्रतियोगिता में तृतीय समूह के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस समूह में आरुषि, श्रेया, वंशिका, वंश खनेजा, एकलव्य, कार्तिक, हृदय और हिमांशु शामिल थे। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम समूह की प्रिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय समूह की जायरा ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।



फतेहाबाद। एपेक्स कॉन्वेंट के विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

मंडियों में चल रहा धान घोटाला, सरकार कर रही किसानों से विश्वासघात : सुनैना चौटाला

■ पूर्व सरपंच रामसिंह ढाका समर्थकों संग इनेलो में शामिल, सुनैना चौटाला ने पहनाया पटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार किसानों के साथ घोर विश्वासघात कर रही है। प्रदेश की अनेक अनाज मंडियों में बिना गेट पास के उत्तर प्रदेश का धान खुलेआम खरीदा जा रहा है। यूपी नंबर की पिकअप गाडिय़ों और लोकल ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए धान पहुंचाया जा रहा है और स्थानीय किसानों के रकबे पर यूपी का धान चढ़ाकर रिकॉर्ड में हेरफेर किया जा रहा है। सुनैना चौटाला जिले के गांव बनगांव में आयोजित ग्रामीण सभा को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान सुनैना चौटाला व वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में शामिल हुए सभी नए साथियों को इनेलो का हरा पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया।



फतेहाबाद। गांव बनगांव में इनेलो में शामिल होने वालों का स्वागत करते सुनैना चौटाला।

नवंबर माह में विभिन्न गांवों एवं शहरों में सर्वेक्षण करेगा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय

फतेहाबाद/सिरसा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का क्षेत्र संकार्य प्रभाग नवंबर माह के दौरान जिला फतेहाबाद और सिरसा में विभिन्न सर्वेक्षण करेगा। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से परिवारों, श्रमिकों, उद्यमों तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उप क्षेत्रीय कार्यालय हिसार की सहायक निदेशक मनीषा यादव ने बताया कि नवंबर के दौरान जिला में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किए जाने वाले सर्वेक्षणों के तहत राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र के फतेहाबाद के गांव चितान, हसंगा, गोरखपुर और नाढोड़ी का चयन किया गया है। गैर-निगमित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण शहरी क्षेत्र टोहाना एवं फतेहाबाद में किया जाएगा। इसी प्रकार आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के लिए गांव खासा पठाना तथा ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण एवं स्थिति आकलन सर्वेक्षण के लिए गांव धारसूल कलां का चयन किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय हिसार ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न घरेलू एवं व्यावसायिक सर्वेक्षण करवाए जाते हैं। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले परिवारों एवं प्रतिष्ठानों की पहचान किसी भी रिपोर्ट अथवा प्रकाशित आंकड़ों में उजागर नहीं की जाती। इन आंकड़ों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों, योजनाओं के निर्माण तथा नीतिगत निर्णय लेने के लिए किया जाता है।



विपक्ष का मकसद केवल भ्रम फैलाकर देश में अराजकता पैदा करना : प्रवीन जोड़ा

फतेहाबाद। भाजपा जिला कार्यालय में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के मार्गदर्शन में जिला पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पार्टी की संगठनात्मक कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए आपसी तालमेल, सक्रिय जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है और वह केवल राजनीतिक हताशा व सत्ता न मिलने के कारण देश में अराजकता, डर और हंगामा फैलाने की कोशिश कर रहा है।

बिश्नोई सभा सिरसा ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

श्री बिश्नोई सभा सिरसा द्वारा बिश्नोई धर्मशाला में मंगलवार को निशुल्क नेत्र जांच व ऑप्रेशन शिविर आयोजित किया गया। सभा के सचिव ओपी बिश्नोई ने बताया कि बिश्नोई सभा, सिरसा के प्रधान खेमचंद बैनीवाल ने शिविर का शुभारंभ किया। कैंप में जयपुर के पूर्व नेत्र चिकित्सक डॉ. बलराम जलंधरा ने अपनी टीम के साथ सैकड़ों मरीजों की आंखों की जांच ऑटोमेटिक जापानी कंप्यूटर द्वारा कर उन्हें उपचार के साथ-साथ उचित परामर्श दिया। जांच में मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए गए सभी मरीजों का ऑप्रेशन भी सभा द्वारा निशुल्क फीको मशीन द्वारा बिना मशीन व बिना टांके के सफेद मोतिया का लैंस वाला आप्रेशन किया गया। सभा के उपप्रधान कृष्णपाल बैनीवाल ने बताया कि शिविर में जरूरत के हिसाब से मरीजों को निशुल्क दवाएं व चश्मे भी दिए गए। डॉ. बलराम जलंधरा ने कहा कि आंखें मनुष्य शरीर का सबसे संवेदनशील अंग है। आंखों संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और कोई भी समस्या होने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाकर उपचार करवाएं।



सिरसा। शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगी 20 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दो दिवसीय इंटर-पॉली वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 पॉलिटेक्निक संस्थानों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों से 20 पॉलिटेक्निक संस्थानों की टीमें अपने इंचार्ज के साथ सिरसा पहुंची हैं। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सिरसा को इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक मोरनी, हिसार, नानकपुर, सोनीपत, उमरी, महम, नारनौल, रोहतक, दामला, चीका, जमालपुर, आदमपुर, सिरसा, नीलोखेड़ी, भिवानी, पंचकूला, झज्जर, संघी, अंबाला और मानेसर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र कुमार जिंदल ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा खेल भावना का परिचय दें।



सिरसा। रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल की सदस्य।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष मन्नू लाल, बलविंदर कंबोज, सुभाष चंद्र, देवेंद्र कुमार, विक्रम सनवाल और मोहित कुमार सहित स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट अरविंदर सिंह तथा स्पोर्ट्स ऑफिस इंचार्ज हरनेक सिंह मौजूद रहे। मंच संचालन विपुल पंत ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। शानदार प्रदर्शन के आधार पर चार टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिनमें राजकीय पॉलिटेक्निक नानकपुर और राजकीय पॉलिटेक्निक सिरसा की टीमें शामिल हैं।

खबर संक्षेप

वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग पर मिलेगी 80% सब्सिडी

सिरसा। सरकार द्वारा प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उद्देश्य से किसानों को जैविक खाद (वर्मीकम्पोस्ट) की खरीद पर 80 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजना शुरू की गई है। रबी सीजन 2026-27 के तहत इस योजना का लाभ मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान उठा सकते हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि योजना के तहत प्रति किसान अधिकतम एक एकड़ क्षेत्र के लिए सब्सिडी दी जाएगी। 31 दिसंबर तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डोडापोस्त तस्करी में मुख्य आरोपी पकड़ा

सिरसा। पुलिस ने डोडापोस्त तस्करी के एक मामले में संलिप्त मुख्य सप्लायर आरोपी को गांव रोड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती 29 अगस्त को सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गांव रोड़ी क्षेत्र से एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी तो 9 किलो 730 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुई थी। रोड़ी थाना पुलिस की एक टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर आरोपी गुरजीवन सिंह निवासी गांव रोड़ी, जिला सिरसा को बस स्टेंड गांव रोड़ी से गिरफ्तार कर लिया।

चोरी की बाइक खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने चोरीशुदा बाइक रखने के आरोप में एक युवक को ऐलनाबाद क्षेत्र से बाइक समेत काबू किया है। पुलिस पूछताछ कर रही है कि उसने चोरी की बाइक किस व्यक्ति से खरीदी थी। एबीटी स्टाफ प्रभारी ने बताया कि ऐलनाबाद निवासी चरण सिंह ने शिकायत दी थी कि उसकी बाइक ऐलनाबाद रोड पर बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के पास से चोरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, एबीटी स्टाफ की टीम ऐलनाबाद से बेहरवाला की तरफ गश्त कर रही थी। वहां जांच में आरोपी मदन लाल निवासी शहीदांवाली, फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

जयपुर की धरोहरों से रूबरू हुए दिव्या डिफेंस एकेडमी के विद्यार्थी

भूना। दिव्या डिफेंस एकेडमी भूना की ओर से विद्यार्थियों के लिए जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। एकेडमी संचालक स्नेहलता सांगवान के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने जयपुर पहुंचकर वहां की प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों और शैक्षणिक महत्व के स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, इतिहास, स्थापत्य कला और गौरवशाली विरासत को करीब से जानने का अवसर मिला।

क्रिकेट स्पर्धा में सेंट जोसफ का छात्र चयनित

टोहाना। भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र समीर का चयन नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि स्कूली गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंडर 19 क्रिकेट नेशनल प्रतियोगिता जो कि मध्य प्रदेश में 10 से 17 नवम्बर तक आयोजित की जाएगी। उसमें हरियाणा की टीम में छात्र समीर का चयन हुआ है। यह छात्र समीर व कोच की मेहनत का ही परिणाम है जिसकी बदौलत नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना चयन सुनिश्चित किया।

2.45 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2 नवंबर तक कुल 2,45,868 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 76,111 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,19,439 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 50,318 मीट्रिक टन धान खरीद की है। वहीं, 1,63,396 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि धान खरीद के तहत कुल 31,359 किसान लाभान्वित हुए हैं।

दिगोह के पास स्थित 33 केवी बिजली घर में अनियमितता आई सामने

28 लाख के बांध निर्माण में घटिया ईंटों का खेल, जेई ने रुकवाया काम

चेतावनी-घटिया निर्माण सामने आने पर ठेकेदार का भुगतान भी रोका जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



भूना। दिगोह के पास स्थित 33 केवी बिजली घर में बरसाती पानी को प्रवेश करने से रोकने के लिए बनाया जा रहा बांध। फोटो : हरिभूमि

दिगोह के पास स्थित 33 केवी बिजली घर में करीब 28 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे बांध के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण में बेहद घटिया गुणवत्ता की ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका दावा है कि लाखों रुपये के बजट से होने वाला काम महज खानापूर्ति तक सीमित नजर आ रहा है। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता और सरकारी धन के सही इस्तेमाल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण राजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में निम्न स्तर की ईंटें लगाई जा रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 28 लाख रुपये के बजट वाले इस कार्य को लगभग 5 लाख रुपये के खर्च में निपटाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर इस्तेमाल हो रही ईंटों की कीमत भट्ठे पर महज 1800 रुपये प्रति हजार बताई जा रही है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपावली के त्योहार के दौरान संबंधित अधिकारियों की व्यस्तता के बीच निर्माण कार्य की नियमित निगरानी नहीं हो रही। इससे ठेकेदार को मनमर्जी से काम करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए आशंका जताई कि मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर घटिया निर्माण संभव नहीं है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होना बाकी है।

पिछले साल बरसाती पानी से भर गया था

दिगोह के पास स्थित 33 केवी बिजली घर में वर्ष 2025 में हुई भारी बारिश के बाद जलभराव की स्थिति पैदा हो गई थी। बरसाती पानी बिजली घर परिसर में घुसने से बिजली उपकरणों और व्यवस्था पर खतरा मंडराने लगा था। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो और बिजली घर को जलभराव से सुरक्षित रखा जा सके, इसके लिए करीब 28 लाख रुपये की लागत से स्थायी बांध का निर्माण करवाया जा रहा है। इस बांध का मुख्य उद्देश्य बरसाती पानी को बिजली घर में प्रवेश करने से रोकना है। लेकिन निर्माण कार्य में घटिया ईंटों के इस्तेमाल की शिकायत सामने आने से अब इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि विभाग निर्माण सामग्री की जांच करवाकर निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कार्य पूरा करवाए, ताकि सरकारी बजट का सदुपयोग होने के साथ बिजली घर की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

निर्माण कार्य रोकने के दिए आदेश

हरियाणा विद्युत निगम के कंस्ट्रक्शन कनिष्ठ अभियंता महंगा सिंह ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया ईंटों के इस्तेमाल की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलते ही ठेकेदार को निर्माण कार्य रोकने के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के आरोपों को नकारते हुए कहा कि घटिया निर्माण सामने आने पर ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया जाएगा।

पुलिस की मध्यस्थता से सुलझा 50 साल पुराना जमीनी विवाद



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते दोनों पक्षों के लोग। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस ने दोनों पक्षों के साथ कई दौर की बैठक कर विवाद का समाधान निकलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

करीब 50 साल पुराने पुश्तैनी जमीन संबंधी विवाद को थाना सदर टोहाना के अंतर्गत पुलिस चौकी कुलां ने अपनी सूझबूझ और मध्यस्थता से आपसी सहमति से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। पुलिस के इस सकारात्मक प्रयास से दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया है, जिससे वर्षों पुराना तनाव हमेशा के लिए खत्म हो गया है।

पुलिस चौकी कुलां के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर लगभग पांच दशकों से विवाद चला आ रहा था। इस लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को दूर करने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के साथ कई दौर की बैठकें कीं और उनके बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करवाया। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलों को धैर्यपूर्वक सुना तथा उन्हें आपसी सम्मान, सदाचार और समझदारी से मसला हल करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस की इस निष्पक्ष मध्यस्थता और समझाइश का सकारात्मक असर हुआ तथा दोनों पक्षों ने आपसी रजामंदी से इस पुराने विवाद को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला किया। फतेहाबाद पुलिस का यह प्रयास साबित करता है कि पुलिस का दायित्व केवल अपराधों पर अंकुश लगाना और कानून-व्यवस्था संभालना ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को कायम रखना भी है। इस प्रकार के समाधान से न केवल अदालतों का बोझ कम होता है, बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत होता है। फतेहाबाद पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी आपसी विवाद को बढ़ाने के बजाय संयम, बातचीत और कानूनसम्मत तरीकों से सुलझाने को प्राथमिकता दें, ताकि समाज में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल।

भ्रम-अराजकता फैला रहा विपक्षः जुआल

सिरसा। चेयरमैन एवं भाजपा सिरसा जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विपक्षी दल देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे भ्रम और अराजकता का जवाब भाजपा कार्यकर्ता अपनी शालीनता, तथ्यों और लोकतांत्रिक तरीके से दें। जुआल मंगलवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भारत भूषण जुयाल ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल जब किसी चुनाव में हार जाते हैं तो ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने लगते हैं, जबकि चुनाव जीतने पर इन्हीं व्यवस्थाओं पर चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम के माध्यम से चुनाव कराने की प्रक्रिया कांग्रेस के शासनकाल में शुरू हुई थी। इस मौके पर सिरसा भाजपा जिला अध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, डबवाली भाजपा अध्यक्ष रेणु शर्मा, विष्णु शर्मा, अंबर मेहता, अंग्रेज सिंह औलख व कपिल सोनी एडवोकेट मौजूद रहे।

पटाखा स्टॉल के लिए 283 ने किया आवेदन, 10 को ही मिलेगा लाइसेंस

- ड्रा के दौरान आवेदक की मौजूदगी होनी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

राजकीय महाविद्यालय के फुटबॉल मैदान में दीपावली के अवसर पर पटाखों की बिक्री के लिए स्टाल लगाने को लेकर आवेदकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इसके लिए कुल 283 लोगों ने आवेदन जमा करवाए हैं, जबकि प्रशासन की ओर से ड्रा प्रक्रिया के माध्यम से केवल 10 लोगों को ही पटाखा बिक्री के लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इस बार आवेदन प्रक्रिया में एक दिलचस्प पहलू भी सामने आया है। कई लोगों ने अपने परिवार के अलग-अलग सदस्यों के नाम से आवेदन जमा करवाए हैं। ऐसे में एक ही परिवार के कई सदस्य ड्रा प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने ड्रा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवेदकों की मौजूदगी अनिवार्य कर दी है।

कई महिलाओं ने भी किए आवेदन

नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार ने निर्देश जारी किए हैं कि बुधवार को होने वाली ड्रा प्रक्रिया में संबंधित आवेदनकर्ता को स्वयं उपस्थित होना होगा। यदि कोई आवेदक ड्रा के समय मौके पर मौजूद नहीं रहता है तो उसका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और उसे ड्रा प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके चलते अब ड्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के भी पहुंचने की संभावना है, क्योंकि कई महिलाओं के नाम से भी आवेदन जमा करवाए गए हैं। नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार ने बताया कि पटाखा बिक्री के लिए लाइसेंस जारी करने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाई जाएगी। कुल 283 आवेदनों में से नियमानुसार 10 आवेदकों का चयन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। सभी आवेदकों को निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।

न्यूज डायरी



रोडवेज के चक्का जाम को समर्थन

फतेहाबाद। ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक मंगलवार को पुराना रेस्ट हाउस, जाट धर्मशाला के पास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की, जबकि संचालन महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान द्वारा किया गया। बैठक में रोडवेज कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 5 व 6 नवंबर को की जाने वाली हड़ताल और चक्का जाम का समर्थन का ऐलान किया गया। 5 नवंबर को रिटायर्ड कर्मचारी सुबह 10 बजे लाल बत्ती चौक स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्रित होंगे और वहां से रोष प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड पर जाकर रोडवेज कर्मचारियों के धरने में शामिल होंगे। बैठक में सुरजभान शीला, मदन गोपाल नारंग, ओमप्रकाश ढाका, कुसुम चौधरी, प्रेम सिंह का जन्मदिन भी सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर निहाल सिंह मताना, रणधीर सिंह डबास, बलवंत सिंह नोखवाल, हरिचंद कम्बोज, रामस्वरूप, गोपीराम, नित्यानंद, शीशपाल सिंह कानूनगो, रणजीत सिंह, राजकुमार, बलराज सिंह, अजीत सिंह, साधुराम, जयप्रकाश, गजे सिंह सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।



कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया

फतेहाबाद। आमजन को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा पात्र लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण डॉ. सुयशा जावा की उपस्थिति में गांव अयाल्की में मेगा विधिक सेवा सह जागरूकता शिविर का उद्घाटन किया गया। सीजेएम डॉ. सुयशा जावा ने कहा कि न्याय तक पहुंच प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

नशा मुक्ति टीम ने किया जागरूक

फतेहाबाद। नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम गांव ढाणी गिलाखेड़ा, दरियापुर तथा फतेहाबाद की बाहरी कॉलोनियों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। नशा मुक्ति टीम ने विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति व सामाजिक जीवन को भी तबाह कर देती है।

पानी के ओवरफ्लो होने से कुसुंभी माइनर की पटरी टूटी, किसानों ने संभाला मोर्चा

- विभागीय अधिकारियों पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंग



डिंग। कुसुंभी माइनर की टूटी पटरी को दुरुस्त करते किसान।

कुसुंभी नहर की सफाई में बरती गई विभागीय लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार को पानी के ओवरफ्लो होने से नहर की पटरी टूट गई। गनीमत रही कि सूचना मिलते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए और खुद मोर्चा संभाल लिया। किसानों की तत्परता और जेसीबी की मदद से समय रहते टूटी पटरी को दुरुस्त कर दिया गया, जिससे खेतों में पानी फैलने और फसलों को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। नहर टूटने की सूचना मिलते ही किसान हनुमान बुगालिया, किशन लाल पिलानिया, सुरेंद्र पिलानिया, रमन पिलानिया, रमेश खीचड़, विनोद नेहरा, कृष्ण नेहरा, शीशपाल ढाका और प्रह्लाद खीचड़ मौके पर पहुंचे। सभी किसान पानी के बहाव को रोकने और नहर को पाटने में जुट गए। कुछ देर बाद जेसीबी मशीन भी पहुंची, जिसके बाद किसानों और जेसीबी की सहायता से मरम्मत कार्य पूरा किया गया।

किसान हनुमान बुगालिया ने बताया कि नहर का अधिकांश हिस्सा पक्का है, लेकिन कुछ दूरी तक कच्चा हिस्सा होने के कारण वहां घास और झाड़ियां उगी हुई हैं। लंबे समय से सफाई नहीं होने के चलते पानी का बहाव प्रभावित हुआ और ओवरफ्लो से नहर टूट गई।

बेटियों के सशक्तीकरण का दिया संदेश

चोपटा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कला के इको क्लब के तत्वावधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चौधरी देवीलाल पार्क नाथूसरी कलां से प्रारंभ हुआ। गांव की मुख्य गलियों में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की सभी आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, महिलाओं एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत नाथूसरी कलां की सरपंच रीटा जगतपाल कासनिया ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। बेटियों को शिक्षा, समान अवसर और सम्मान प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ब्लॉक सुपरवाइजर अनू ने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। समाज की प्रत्येक व्यक्ति को इस मुहिम से जुड़कर बेटी को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा।



जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते आशा, आंगनबाड़ी वर्कर और विद्यार्थी।

ज्ञान सरोवर आईटीआई में किया विद्यार्थियों का सम्मान

- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में जिला टॉपर बनी मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

नाढोड़ी स्थित ज्ञान सरोवर प्राइवेट आईटीआई में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्थान की छात्रा मनीषा ने हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर मनीषा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य जयकर सिंह, चेयरमैन सतपाल सिंह बिश्नोई, ग्रुप इंस्ट्रक्टर रोहताश लोहमरोड़ और भूना के सेवानिवृत्त कानूनगो शीशपाल सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य जयकर सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल भी सफलता की मजबूत नींव हैं। युवाओं को नई तकनीक सीखने के साथ अपने हुनर को निखारने और मेहनत व लगन से लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। आईटीआई से प्राप्त तकनीकी प्रशिक्षण रोजगार के साथ स्वरोजगार के रास्ते भी खोलता है।

जेएमसी विभाग के विद्यार्थियों ने तैयार किया विशेषांक

चार दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा का ई-मैगजीन में संकलन

कुलपति प्रो. विजय कुमार ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के 13वें त्रिवेणी युवा महोत्सव की चार दिवसीय गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं और युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों को समेटते हुए विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष ई-मैगजीन तैयार की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं मैगजीन के मुख्य संरक्षक प्रो. विजय कुमार, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. आरपी. सैनी तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिरसा पुनीश जिंदिया ने इस ई-मैगजीन का विमोचन किया। प्रो. विजय कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और व्यावसायिक दक्षता को भी बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. आरपी सैनी ने भी मैगजीन के संपादकीय मंडल एवं विद्यार्थी संपादक एवं संवाददाताओ को बधाई दी।



सिरसा। विद्यार्थियों ने तैयार किया विशेषांक का विमोचन करते अतिथि।

एआई से बदल रहा परिदृश्य

ई-मैगजीन के संपादक एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रो. अमित सांगवान ने बताया कि इस ई-मैगजीन के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, मुख्य संपादक डायरेक्टर यूथ वेलफेयर प्रो. मंजू नेहरा और एसोसिएट एडिटर प्रो. रविंद्र ढिल्लों हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पत्रकारिता का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। ऐसे समय में पत्रकारिता के विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें मीडिया उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक प्रशिक्षण देना भी जरूरी है। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बासल, सीडीएलयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, कल्चरल कोऑर्डिनेटर प्रो रणजीत कौर तथा राजेश छिकारा आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

फतेहाबाद में आज 5 घंटे गुल रहेगी बिजली

फतेहाबाद। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने के लिए चलाए जा रहे मेंटेनेंस अभियान के तहत बुधवार, 4 नवंबर को शहर के 33 केवी हुडा सेक्टर-3 लाइन पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते हुडा सेक्टर-3 सहित शहर के कई प्रमुख व्यावसायिक व आवासीय क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगातार 5 घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी। बिजली निगम के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 33 केवी लाइन के मेंटेनेंस कार्य के कारण शहर की विभिन्न कॉलोनियों और सेक्टरों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति बाधित रहेगी।

दुकान पर छापा, खराब मिठाई करवाई नष्ट

सिरसा। खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने शहर में मिठाइयों की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच को लेकर सत्यम स्वीट्स पर छापेमारी की। टीम ने मिठाइयों की गुणवत्ता जांचने के लिए रसगुल्ले, गुलाब जामुन और मावे के सैंपल लिए। निरीक्षण के दौरान करीब 65 किलोग्राम खराब रसगुल्ले मिलने पर उन्हें नष्ट करवाया गया। इसके अतिरिक्त करीब 40 किलोग्राम चाशनी भी खराब पाई गई।

गली अधूरी छोड़ने से लोग परेशान

टोहाना। शहर की गुप्ता कॉलोनी वार्ड नंबर 3 में गली निर्माण कार्य अधूरा छोड़े जाने से लोगों में भारी रोष है। मंगलवार को कॉलोनीवासियों ने गली में एकत्रित होकर प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द काम शुरू न होने पर चंडीगढ़ रोड जाम करने की चेतावनी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब दो महीने पहले गली को उखाड़ दिया गया था। पानी निकासी के लिए बनाए गए मैनहोल भी खुले पड़े हैं। ठेकेदार ने गली में थोड़ी-बहुत मिट्टी डालकर काम बंद कर दिया।

नशा तस्कर गेजा सिंह की लाखों रुपये की संपत्ति फ्रीज

सिरसा। डिंग थाना पुलिस ने फतेहाबाद जिले के भूना निवासी गेजा सिंह की करीब 7 लाख 15 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति फ्रीज करवाने की कार्रवाई की है। इस संपत्ति में 6 मरले का प्लाट, दो कारें और एक बाइक शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हडक़ंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि डिंग थाना पुलिस ने आरोपी की संपत्ति का पूरा ब्यौरा जुटाकर सक्षम प्राधिकारी एवं राजस्व विभाग, दिल्ली को भेजा था। इसके बाद मादक पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 68 एफ (2) के तहत आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश जारी हुए हैं। संबंधित विभागों को नोटिस भेज दिए गए हैं। अब आरोपी इन संपत्तियों को बेचने या हस्तांतरित करने में सक्षम नहीं होगा।

प्रभावित फसलों के लिए एक लाख प्रति एकड़ मुआवजे और दो सप्ताह नहरों में पानी छोड़ने की मांग

ओलावृष्टि और नहरबंदी के विरोध में मिनी सचिवालय का घेराव, डीसी दफ्तर के बाहर किसानों ने डाला डेरा





फतेहाबाद। लघु सचिवालय के बाहर पड़ाव डालकर बैठे किसान व लघु सचिवालय के बाहर तैनात पुलिस बल।

● अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से तबाह हुई धान की फसलों के मुआवजे और नहरी पानी की किल्लत को लेकर किसानों ने एकजुट होकर फतेहाबाद के मिनी सचिवालय का घेराव किया और डीसी दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन डेरा डाल दिया। प्रदर्शन में सिरसा व हिसार से भी सैंकड़ों किसान भी शामिल हुए। किसानों के विरोध के चलते पुलिस द्वारा लघु सचिवालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और एहतियात के तौर पर लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर गेट पूरी तरह बंद कर दिया गया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश हसंगा की अगुवाई और प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और भयंकर ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी धान की फसलें पूरी तरह बिछ गई हैं। बालियों से धान झड़ चुका है और खेतों में केवल पराली बची है। इससे किसानों का प्रति एकड़ एक लाख का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ऊपर से दिवाली-छठ का त्योहार और शादियों का सीजन होने के कारण किसानों और मजदूरों के सामने परिवार का पालन-पोषण और बाजार का लेन-देन चुकता करने का संकट खड़ा हो गया है।

विशेष गिरदावरी और मुआवजे की मांग

प्रदर्शनकारी किसानों ने बहबलपुर, भड़ोलांवाली, सोत्तर भट्टू, थेड़ी समेत पूरे फतेहाबाद जिले के सभी प्रभावित गांवों में तुरंत निष्पक्ष व विशेष गिरदावरी कराने की मांग की। समिति के पदाधिकारियों ने सरकार की मुआवजा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार केवल 5 एकड़ तक 15 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे का प्रावधान कर रही है, जो किसानों के साथ भद्दा मजाक है। जिन्होंने 20 से 30 एकड़ भूमि महंगे दामों पर ठेके पर ले रखी है, उनकी बर्बादी का जिम्मेदार कौन होगा। किसानों ने मांग की कि सीमा की शर्त हटाकर हर प्रभावित किसान को सीधे उसके बैंक खाते में एक लाख प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए। साथ ही मंडियों में जारी लूट पर रोक लगाते हुए धान की प्रति एकड़ 28 क्विंटल की खरीद शर्त हटाई जाए और पूरी फसल एमएसपी पर खरीदी जाए।

नहरों में पानी की कमी से सरसों, चना और गेहूं की बिजाई पूरी तरह ठप

किसानों ने नहरी पानी के गंभीर संकट को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार नहरों में मात्र 8 दिन पानी छोड़ रही है। पानी की भारी कमी के कारण फतेहाबाद, हिसार और सिरसा के बिरानी क्षेत्रों, विशेषकर भट्टू, आदमपुर और बालसमंद क्षेत्र में सरसों, चना और गेहूं की बिजाई पूरी तरह ठप पड़ी है। इस क्षेत्र में भूजल खराब और सेम की समस्या है, इसलिए फसल की बिजाई केवल नहरी पानी पर निर्भर है। समिति ने पुरजोर मांग की कि नहरों में लगातार दो सप्ताह पानी दिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते नहरी पानी की आपूर्ति नहीं बढ़ाई गई, तो फसलों के साथ-साथ शहरों में भी गहरा पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सरकार और जिला प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से किसानों की जायज मांगों पर संतोषजनक समाधान नहीं निकाला, तो किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं और डीसी दफ्तर के बाहर यह पड़ाव अनिश्चितकाल के लिए लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक पदाधिकारियों, स्थानीय किसान-मजदूर नेताओं सहित फतेहाबाद, हिसार व सिरसा के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों प्रभावित किसान और युवा मौजूद रहे।

पोर्टल बंद : खराबे के मुआवजे के लिए 19 गांवों के 1950 किसानों ने करवाया पंजीकरण

फतेहाबाद। पिछले दिनों ओलावृष्टि और बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे के लिए जिले के 19 गांवों के 1950 किसानों ने पोर्टल पर आवेदन किए हैं। इन किसानों ने कुल 8097.39 एकड़ फसल में खराबे का दावा किया है। मुआवजे के लिए आवेदन करने का पोर्टल 29 अक्टूबर को खुला था, जो 2 नवंबर को बंद हो गया। अब राजस्व विभाग के स्तर पर आवेदनों और फसल खराबे का सत्यापन महत्वपूर्ण होगा। आंकड़ों के अनुसार, रतिया तहसील में खराबे के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। यहां 14 गांवों के 1438 किसानों ने 5945.86 एकड़ फसल में खराबे का दावा किया है। वहीं, फतेहाबाद तहसील के 5 गांवों के 512 किसानों ने 2151.53 एकड़ क्षेत्र में फसल खराबे के आवेदन किए हैं। इस तरह जिले में कुल 19 गांवों के किसानों ने मुआवजे के लिए अपने दावे दर्ज कराए हैं। अब पटवारी स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक सत्यापन के आधार पर खराबे की स्थिति स्पष्ट होगी। किसानों की ओर से दर्ज कराए गए विवरण और फसल के नुकसान का मिलान होने के बाद ही मुआवजे के पात्र किसानों और स्वीकार किए जाने वाले खराबे के रकबे की तस्वीर साफ होगी।

- 8097 एकड़ से अधिक फसल खराबे का दावा
- रतिया तहसील के किसानों के सबसे ज्यादा आवेदन

रतिया में 73.7 प्रतिशत किसानों के आवेदन

जिले में आवेदन करने वाले कुल 1950 किसानों में से 1438 रतिया तहसील के हैं। इसी तरह कुल दावे वाले क्षेत्र में से 5945.86 एकड़ रतिया तहसील में है। अब सत्यापन के बाद ही वास्तविक खराबे और मुआवजे की पात्रता का पता चलेगा।

तहसीलवार खराबे के आवेदन

विवरण	फतेहाबाद	रतिया	कुल
गांव	5	14	19
किसान	512	1438	1950
खराबे का दावा (एकड़)	2151.53	5945.86	8097.39



सिरसा। गांव खेड़ी से धरने में शामिल होने के एकत्रित किसान। फोटो: हरिभूमि

नाथूसरी चौपटा से किसानों का काफिला फतेहाबाद रवाना

- नहरी पानी की कटौती के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

चोपटा। क्षेत्र में नहरों और माइनरों में पानी की कटौती के विरोध में संयुक्त किसान संगठन के बैनर तले मंगलवार को नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के खेड़ी, कुम्हारिया, रामपुरा नवाबाद, चाहरवाला, जोगीवाला, नाथुसरी कलां, कागदाना सहित विभिन्न गांवों के किसान फतेहाबाद के लघु सचिवालय में होने वाले धरना-प्रदर्शन को काफिले के साथ रवाना हुए। अनाज मंडी में रवाना होने से पहले किसानों ने पानी की मांग करते हुए रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद किसान एकता, किसान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वाहनों में काफिले के साथ रवाना हुए। बाद में किसानों ने लघु सचिवाल फतेहाबाद में पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इससे पहले हरदत, पूर्व सरपंच लादूराम पुनिया, ओमप्रकाश, प्रहलाद बैनीवाल, देवीलाल, पूर्व सरपंच हरी सिंह मंडा, देशबंधु बैनीवाल, बलराम सहारण, प्रेम ठाकर, नेकीराम, भजनलाल, दलीप बुडानिया, कृष्ण ज्याणी खेड़ी, रोहताश पूनिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नहरों व माइनरों में 16 दिन पानी बंद रहने के बाद केवल 8 दिन पानी छोड़े जाने का कार्यक्रम किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इस गेहूं व सरसों के बिजाई सीजन में सिंचाई तो दूर गांवों में पीने के पानी की समस्या आ रही है। क्योंकि इस व्यवस्था के चलते किसानों को पानी की अगली बारी के लिए करीब 40 दिन इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इतने लंबे अंतराल के कारण किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाएगा। इसके साथ ही ग्रामीणों के सामने पीने के पानी की समस्या भी खड़ी हो सकती है। इससे किसानों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली का सीजन चल रहा है। इस पर्व सीजन के अंदर भी लोगों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

रतिया में गिरदावरी शुरू होने पर धरना स्थगित

रतिया। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई धान की फसल का पूर्ण मुआवजा देने सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर रतिया एसडीएम कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां और अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में छठे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता अमन रतिया ने कहा कि किसान संगठनों के लगातार संघर्ष और दबाव के बाद प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी का काम शुरू कर दिया है। गिरदावरी शुरू होना किसानों के संघर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसी को देखते हुए फिलहाल धरने को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान इन दिनों खेतों में अपनी फसलों के कामों में व्यस्त हैं, जिसके चलते लगातार धरने में पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा है। प्रमुख मांग गिरदावरी शुरू करवाने की थी जो अब पूरी हो गई है, लेकिन बाकी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। अमन रतिया ने घोषणा की कि 12 नवंबर को रतिया एसडीएम कार्यालय के सामने किसानों का प्रदर्शन किया जाएगा।

खेल मैदान की बदहाली से खिलाड़ी परेशान

- राजकीय सीनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल के ग्राउंड की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर में बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल में बने बास्केटबॉल ग्राउंड की दयनीय हालत पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से रतिया में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बास्केटबॉल ग्राउंड बनाने की मांग की है। बास्केटबॉल खिलाड़ी शर्मा चंद लाली ने बताया कि प्रतिदिन सुबह लगभग दो दर्जन लडक़े-लड़कियां बास्केटबॉल खेलने के लिए स्कूल परिसर में पहुंचते हैं, लेकिन यहां उपलब्ध ग्राउंड की हालत और सीमित सुविधाओं के कारण खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खेल के प्रति युवाओं में बढ़ते रुझान को देखते हुए बेहतर खेल मैदान और आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। शर्मा चंद लाली ने कहा कि खेल एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए युवाओं को नशे से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।



रतिया। खेल मैदान की समस्याओं बारे जानकारी देते हुए खिलाड़ी।

बेहतर खेल ग्राउंड के निर्माण की मांग

बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से मांग की कि रतिया में खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण करवाया जाए, ताकि यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर सकें और भविष्य में जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर रतिया का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर शर्मा चंद लाली, रासविंदर सिंह, गौरव शर्मा, राकेश अग्रवाल, विक्की सिंह, मनमोहा सिंह, सुरेंद्र पाल, अजय सिंह, काला राम, जसप्रीत कौर, अंजू रानी, सुमन रानी, अमन कुमार, टीटू, डॉ. विनोद कुमार , हर्ष कुमार, सचिन कुमार, राममगत सहित अन्य खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

आज रात से थम जाएंगे बसों के पहिए

- हिसार डिपो के महाप्रबंधक के अड़ियल रवैये को लेकर कर्मचारी 5-6 को हड़ताल पररहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हिसार डिपो के महाप्रबंधक के अडियल रवैये और तानाशाही पूर्ण कार्यशैली के खिलाफ हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद डिपो के सांझा मोर्चा ने विरोध का बिगुल फूंक दिया है। हिसार डिपो के कर्मचारियों के संघर्ष को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए फतेहाबाद डिपो के सांझा मोर्चा से जुड़े सभी यूनियनों के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने मंगलवार को बस स्टैंड परिसर में दो घंटे तक प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके साथ ही सांझा मोर्चा ने बड़ा ऐलान करते हुए 4 नवंबर की रात से बस सेवाएं बंद करने और 5 व 6 नवंबर को प्रदेश भर में पूर्ण चक्का जाम रखने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान आयोजित सांझा मोर्चा की बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति पर अंतिम मुहर लगाई गई। कर्मचारी नेताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हिसार डिपो के कर्मचारियों पर हो रहे अन्याय के विरोध में 4 नवंबर को हरियाणा रोडवेज की कोई भी बस रात्रि सेवा पर नहीं जाएगी। वहीं 5 और 6 नवंबर को होने वाली राज्यव्यापी हड़ताल के तहत रोडवेज की सभी बसों का पहिया पूरी तरह थमा रहेगा। प्रदर्शनकारी कर्मचारी नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान, अधिकारों और जायज मांगों के लिए संघर्ष करना आज समय की मांग बन चुका है। जब भी किसी डिपो के कर्मचारियों के साथ अन्याय होता है, तो पूरे प्रदेश के कर्मचारियों का नैतिक दायित्व बनता है कि वे एकजुट होकर उनके साथ खड़े हों। नेताओं ने आम जनता से अपील की है कि 5 और 6 नवंबर को बस सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी, इसलिए वे अपनी यात्रा की वैकल्पिक व्यवस्था पहले से कर लें और कर्मचारियों के इस दो दिवसीय आंदोलन में अपना सहयोग प्रदान करें।



फतेहाबाद। चक्का जाम की तैयारियों को लेकर बैठक में भाग लेते रोडवेज कर्मचारी नेता।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जागृति मंच के प्रधान अनिल जय हिंद, मिनिस्ट्रियल स्टाफ के प्रधान भीम सिंह चक्का, संयुक्त कर्मचारी संघ के प्रधान विजय नागपुर, महासंघ से हनुमान वर्मा, चालक संघ से हर्ष डारा, सर्व कर्मचारी संघ से राजकुमार बींघड़, इंटक से सत्येंद्र प्रधान, टोहाना से प्रधान कुलदीप नैन, धर्मपाल, सुरेंद्र, भजन सिंह, कुलबीर, वीरेंद्र, भास्कर, विनोद यादव, राजेंद्र, सुनील, अनिल, संजीव, संदीप भेरिया और संदीप बिश्नोई सहित विभिन्न यूनियनों के अनेक कर्मचारी नेता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कूदनी हेड रेगुलेटर पर कर्मचारियों का फूटा गुस्सा सुरक्षा की मांग को लेकर मुख्य गेट पर जड़ा ताला



कुदनी हेड गेट पर जड़ा ताला।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सिंचाई विभाग के कूदनी हेड रेगुलेटर पर तैनात कर्मचारियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर विभाग के मुख्य गेट पर ताला जडक़र अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारी धरने पर बैठकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे बेलदार धीरज और दीपक ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात उनकी नाइट ड्यूटी हेड रेगुलेटर पर थी। नहर में पानी का स्तर अधिक होने के कारण वे गेटों को नियंत्रित कर रहे थे, तभी गांव का एक व्यक्ति कवल शराब के नशे में कंट्रोल रूम में आ गया और वहां बैठकर शराब पीने की जिद करने लगा। मना करने पर उसने गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी दी।

गेटों से छेड़छाड़ से बना था नहर टूटने का खतरा

कर्मचारियों का आरोप है कि नशे में धुत उक्त व्यक्ति ने नहर के गेटों के साथ भी छेड़छाड़ की, जिससे नहर टूटने का बड़ा खतरा पैदा हो गया था। कर्मचारियों ने घटना का वीडियो बनाकर उसी रात जेई सन्नी को सूचना दी। जेई ने डायल-112 पर कॉल करने को कहा, लेकिन कई बार कोशिश के बावजूद कॉल कनेक्ट नहीं हो पाई। इसके बाद यूनियन प्रधान को सूचना दी गई। 19 अक्टूबर को सुबह पूरे स्टाफ ने लिखित शिकायत जेई को सौंपी, जिस पर कार्रवाई का आश्वासन मिला, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि 22 अक्टूबर को वही व्यक्ति दोबारा साथी कर्मचारी रमेश के साथ बदतमीजी करने पहुंच गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

मिशन सफलता का शुभारंभ, विद्यायलों के मुखियाओं के साथ बैठक

राजकीय स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ओढां

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ओढां में खंड के समस्त राजकीय उच्च एवं सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों के मुखियाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने विद्यालय मुखियाओं को निर्देश दिए कि वे बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अभी से विशेष रणनीति बनाकर विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, विषयवार तैयारी एवं कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें, ताकि परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें इन योजनाओं से जोडने के लिए विद्यालय स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएं ताकि ग्रामीण क्षैत्र के विद्यार्थियों को भी उच्च स्तरीय शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर उनके साथ आए विज्ञान विषय के विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय मुखियाओं को इन योजनाओं के उद्देश्य, लाभ एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा अधिकाधिक पंजीकरण एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। खंड शिक्षा अधिकारी ओढां रामअवतार कौशिक ने जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला का कार्यालय पहुंचने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।



सिरसा। खंड कार्यालय ओढ़ा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सुभाष फुटेला डीईओ।

परिणाम सुधारने के पूर्ण प्रयास का आश्वासन

उन्होंने बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रभावी अनुपालना करते हुए खंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित सभी विद्यालय मुखियाओं ने शिक्षा विभाग की इन महत्वपूर्ण पहलों को सफल बनाने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विक्रमजीत सिंह, मंजीत कुमार, सुभाष चंद्र, नरेश सरदाना, रोहताश कुमार सहित अनेक मुखिया उपस्थित रहे।